an>

Title:Need to allow use of lignite reserves by Gujarat Development Corporation to provide electricity at affordable prices to small and cottage industries in Gujarat.

डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद) : माननीय उपाध्यक्ष जी, आपने गुजरात के बारे में महत्वपूर्ण प्रश्न उठाने की मुझे स्वीकृति दी है। इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। ...(व्यवधान) दक्षिण गुजरात में इलैक्ट्रिसिटी प्रोडक्शन लिगनाइट के लिए सम्मति दी गई है मगर आपके माध्यम से मैं सरकार और सदन का ध्यान इस ओर आकर्Âिात करना चाहता हूं कि गुजरात को लिगनाइट के बेस पर इलैक्ट्रिसिटी प्रोडक्शन करने की अनुमति दी गई है।

डॉ. किरिट पी. सोलंकी: माननीय उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे गुजरात के बारे में महत्वपूर्ण प्रश्न उठाने की अनुमति दी है। दक्षिण गुजरात में इलैक्ट्रिसिटी का प्रोडक्शन लिग्नाइट बेस्ड करने के लिए सहमति दी गयी है। लेकिन मैं आपके माध्यम से सदन का एवं सरकार का ध्यान आकर्Âिात करना चाहता हूँ कि गुजरात को लिग्नाइट के बेस पर इलैक्ट्रिसिटी प्रोडक्शन करने की अनुमति तो दे दी गयी, लेकिन उसे लिग्नाइट प्रदान नहीं किया जाता है। यदि इसके माध्यम से गुजरात में इलैक्ट्रिसिटी पैदा होती है, तो स्मॉल और कुटीर उद्योग को उससे फायदा हो सकता है, बिजली की दरें सस्ती हो सकती है। इसलिए आपके माध्यम से मैं सरकार से निवेदन करता हूँ कि गुजरात इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड को लिग्नाइट का आवंटन किया जाए। नेयवेली कारपोरेशन के माध्यम से आवंटन किया जाए। गुजरात में बिजली के संबंध में ज्योति ग्राम योजना के तहत 24 घंटे बिजली मिलती है। यदि लिग्नाइट के माध्यम से गुजरात को बिजली मिलती है, तो इससे गुजरात के लोगों को कम दामों पर उपलब्ध हो सकता है।

आपने मुझे बोलने की अनुमति दी, मैं आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ।